**Voters' Services Portal**

Voters' Services Portal

voters.eci.gov.in

प्रेस नोट
**17.07.2025**

केवल 5.8% मतदाताओं को फॉर्म भरना शेष; अब सिर्फ 8 दिन बाकी हैं।

आज की तारीख तक, 89.7% मौजूदा मतदाताओं ने अपना एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल होने के लिए जमा कर दिया है। कोई भी मतदाता अपने एन्यूमरेशन फॉर्म की स्थिति ECINet ऐप या [https://voters.eci.gov.in](https://voters.eci.gov.in) पर जाकर देख सकता है। यही फॉर्म इसी लिंक पर हिंदी में ऑनलाइन भी भरा जा सकता है।

जिन मतदाताओं का पता तीन बार बीएलओ द्वारा जाने के बावजूद नहीं मिल पाया है, उनकी पुनः जांच के लिए मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित या एक से अधिक स्थानों पर नामांकित होने की संभावना वाले मतदाताओं की जानकारी जिला अध्यक्षों और उनके द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बूथ लेवल एजेंट्स के साथ साझा की जा रही है, ताकि वे **25.07.2025** से पहले ऐसे मतदाताओं की वास्तविक स्थिति की पुष्टि कर सकें।

बिहार की सभी 261 नगरीय निकायों (ULBs) के 5,683 वार्डों में विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।
वे लोग जो अस्थायी रूप से बिहार से बाहर चले गए हैं, वे भी ECINet ऐप या [https://voters.eci.gov.in](https://voters.eci.gov.in) के माध्यम से अपने मोबाइल फोन से ऑनलाइन मोड में एन्यूमरेशन फॉर्म भर सकते हैं। वे प्री-फिल्ड एन्यूमरेशन फॉर्म डाउनलोड करके भी उसे भरकर सीधे बीएलओ को या अपने परिवार के माध्यम से व्हाट्सएप अथवा अन्य किसी भी माध्यम से भेज सकते हैं।